# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# टेलीमेडिसिन सेवा व दून मेडिकल कॉलेज में ई–हॉस्पिटल सेवा का शुभारंभ

**शुभारंभ**

## ऑनलाइन प्रबंधन से कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने में होगी सहायताः सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र सिंह रावत बुधवार को प्रदेश में बहु प्रतीक्षित टेलीमेडिसिन सेवा व दून मेडिकल कॉलेज में ई–हॉस्पिटल सेवा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि कोविड–19 जैसी विश्वव्यापी महामारी में संक्रमण के प्रसार को कम करने के लिए अस्पतालों में भीड़ को कम करने जैसे उपायों के लिए यह सेवा एक सटीक उपकरण साबित होगी साथ ही सुदूर क्षेत्रों जहां चिकित्सा सेवाओं हेतु विशेषज्ञ राय की आवश्यकता होती है वह भी पहुंच पाएगी।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह ने दून मेडिकल कॉलेज, दून में ई–हॉस्पिटल सेवा के शुभारम्भ के अवसर पर कहा कि ई–हॉस्पिटल सुविधा के प्रारंभ होने से मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं के ऑनलाइन प्रबंधन से कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायता होगी। उन्होंने कहा कि ई–हॉस्पिटल सेवा दीन दयाल चिकित्सालय (कोरोनेशन) देहरादून



व जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा में पहले से ही चलाई जा रही है।

टेलीमेडिसिन के अंतर्गत एनआईसी, भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करवाए गए टेलीमेडिसिन सॉफ्टवेयर को प्रदेश के जिला चिकित्सालय व अन्य चिकित्सालयों में प्रयोग में लाया जाएगा। यह सेवा https://ors-gov-in o https://ehospital-gov-in के माध्यम से उपलब्ध होगी। वहीं CDAC द्वारा उपलब्ध करवाए गए संजीवनी टेलीमेडिसिन सॉफ्टवेयर का उपयोग प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में किया जायेगा। ई–संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा https://esanjeevaniopd-in के माध्यम से उपलब्ध होगी।

इस सेवा हेतु कोई भी रोगी मोबाइल फोन से भी चिकित्सकीय राय ले पाएंगे। वर्तमान में यह सेवा जिला चिकित्सालय अल्मोड़ा, दीन दयाल चिकित्सालय (कोरोनेशन) देहरादून, बेस चिकित्सालय हल्द्वानी, संयुक्त चिकित्सालय प्रेमनगर देहरादून, सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी व दून मेडिकल कॉलेज देहरादून में प्रारंभ की गई है। भविष्य में सभी जिला चिकित्सालयों एवं मेडिकल कॉलेजों में विस्तारित की जाएगी।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, मदन कौशिक, डॉ हरक सिंह रावत, यशपाल आर्य, अरविन्द पाण्डेय, सुबोध उनियाल, राज्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, स्वास्थ्य सचिव नीतीश कुमार झा, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ अमिता उप्रेती, उप महानिदेशक एनआईसी के नारायणन, स्वास्थ्य महानिदेशालय एवं एनआईसी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी

### बीमार लोगों की सुध ली जाए

**संवाददाता** पिथौरागढ ।देश व्यापी लाकडाउन के चलते ग्प्रमीण क्षेत्रों में बडी तादात में बुजुर्ग और बच्चे बीमार हो रहे है। वही वाहनों कासंचालन बंद होने से बीमार लोग अस्पतालों तक नही पहुंच पा रहे है। वहीी इस मामले पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ऐसे समय में ग्प्रमीण इलाकों में स्वास्थ टीमें भेजें जानें की मांग की है। बता दें कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्प्रमीण क्षेत्रों अपने पार्टी के कार्यकर्ताओं के माध्यम से यह समस्या लेकर जिलाअधिकारी कार्यालय में पहुंचकर उपरोक्त समस्या रखी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बताया कि मौसम में आ रहे बदलाव के कारण ग्प्रमीण अंचलों में बुर्जग व बच्चे बीमार हो रहे है। वही उन्होने जिलाअधिकारी से ग्प्रमीण इलाकों में स्वास्थ टीमें भेजनें की मांग की है।

### राजकीय शिक्षक संघ वार्डो में जाकर देगा राशन

**संवाददाता** पिथौरागढ। राजकीय शिक्षक संघ अब नगर के जरूरतमंदों को उनके वार्डों में जाकर राशन वितरित करेगा। जिले में देर सांय उनके द्वारा इसकी शुरूआत की। कजले में राजकीय शिक्षक संघ 28 मार्च से अन्नपूर्णा सेंटर के माध्यम से राशन का वितरण कर रहा हैं। संघ ने अब बार्डो में राशन को बांटनें का निर्णय लिया है। शिक्षक संघ द्वारा सिमलगैर वार्ड में 51 रोडवेज वर्कशाप में 28 पियाना में में 35 लोगों को अब तक राशन उपलब्ध करा दिया है।



### एचडीएफसी बैंक हरिद्वार में मोबाइल एटीएम की तैनाती की

**संवाददाता** हरिद्वार। एचडीएफसी बैंक ने आज हरिद्वार सिटी में लॉकडाउन के दौरान ग्राहकों की सहायता के लिए मोबाइल ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) की तैनाती की। मोबाइल एटीएम नकदी निकालने के लिए इलाके से बाहर जाने की आवश्यकता को कम करेगा। हरिद्वार शहर से पहले, बैंक ने मुंबई, नई दिल्ली, इलाहाबाद, कोयम्बटूर, चंडीगढ़, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, भुवनेश्वर, अहमदाबाद, बेंगलुरु, गुवाहाटी, जयपुर, रांची और इंदौर में ऐसे मोबाइल एटीएम तैनात किए हैं। हरिद्वार शहर में सभी स्थानीय नगरपालिका अधिकारियों के परामर्श से तैनाती के स्थानों की पहचान की जा रही है।



## जरूरतमंद लोगों को बांटे खाद्यान्न किट

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा कैंट के अंतर्गत कांवली के वार्ड नंबर 42 में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा ने कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के खिलाफ किये जा रहे राहत व बचाव को लेकर क्षेत्र के लोगों को खाद्यान्न किट, सेनिटाइजर, मॉस्क, ग्लब्स, साबुन जरुरतमन्द लोगों को वितरित किया।

इस अवसर पर लाल चंद शर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी के इस संकट के दौर में कांग्रेसजन पूरी ताकत के साथ जरूरतमंदों, गरीबों, असहायों एवं मजदूरों की सेवा में जुटी हुई है और उन्हें भोजन, राशन आदि उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश सरकार कहीं कुछ करती हुई दिखाई नहीं दे रही है, आज पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा अपने निजी संसाधनों से गरीब जरूरतमन्दों को खाद्यान्न किट, पके हुआ भोजन के साथ साथ वायरस से बचाव के लिये मॉस्क, ग्लब्स, सेनिटाइजर भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस भीषण संकट की घड़ी में कोरोना फाइटर्स के रूप में कार्य कर रहे कांग्रेस पार्टी के सभी साथी बधाई के पात्र हैं।

# प्रस्ताव के अनुरूप दुकानें संचालित नही करने पर होगी कड़ी कारवाही

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। शारिरिक दूरी की धज्जियां उडाये जाने पर जनपद में प्रशासन ने अपना रवैया सख्त कर दिया है। बता दें कि जिले में जरूरत के अतिरिक्त अन्य दुकानें खोलनें को लेकर इलाके में व्यापारियों को दी गई छूट प्रशासन ने वापस ले ली है। ताजा जानकारी के मुताबिक जिले में दो रोज पूर्व अन्य दुकानें भी खुल गई थी। वही ऐसे में मुख्यालय में लोगों की काफी तादात में भीड लगनेलगी। वही लोगों की भीड लगने की खबर जैसे ही प्रशासन को मिली तो नगर में शारिरिक दूरी को लेकर बनाये जा रहे नियमों को लोग ताक पर रखते नजर आये। बता

**व्यापारियों ने सप्ताह में अलग अलग दिन दुकान खोलेने खाका किया तैयार**

दें कि ऐसे मामले पर उपजिलाधिकारी व सीओ सिटी ख्वद सडकों में उतरकर लोगों को हिदायत देते नजर आये। मौके पर लगी भीड भाड को प्रशासन द्वारा तत्काल हटाया गया। जानकारी के मुताबिक नगर में प्रशासन ने जरूरत के अलावा जितने प्रतिष्ठान खुले थे प्रशासन ने उन्हें मौके पर बन्द करा दिया।

बता दें कि व्यापारियों को दी गई छूट प्रशासन ने वापस ले ली। वही बगैर किसी सूचना के अचानक दुकानें बंद करा दिये जाने से व्यापारियों में खासा आक्रोश देखने को मिला है। वही प्रशासन द्वारा व्यापारियों को दुकानें खोलने को लेकर स्वयं ही खाका तैयार करने की अनुमति दी है। दुकानें खोले जानें को लेकर प्रशासन और व्यापारियें की बैठक में कोई भी नतीजा नही निकल सका। प्रशासन द्वारा जिले के व्यापारियों को तैयार प्रस्ताव के अनुरूप ही दुकानें खोले जानें की अनुमति दी है। नगर में अब व्यापार मंडल अब एक प्रकार की दुकान सप्ताह में एक बार खोलेगे। मुख्यालय में सोमवार को कास्मैंटिक गिफट सेंटर जनरल गुडस बर्तन मंगलवार को ज्वैलर्स फर्नीचर दरी कारपेट हैण्डलूम बुधवार को कपड़ा गारमेंटस साडिया गुरूवार को कंप्युटर वाच सेंटर इलेक्टानिक शुक्रवार को स्पोटर्स खिलौने व प्रिटिंग शनिवार को मोटर मैकेनिक व वांशिग सेंटर खुलेंगे।

## जरूरतमंदों की भोजन व्यवस्था कर रहा अखिल भारतीय मारवाडी महिला सम्मेलन

**संवाददाता** देहरादून। अखिल भारतीय मारवाडी महिला सम्मेलन, उत्तराखंड, कोविड–19 के खिलाफ युद्ध में अपना भरपूर सहयोग दे रही है। संस्था ने देहरादून मे अनेको प्रकल्प शुरू किए है। जरूरतमंदों के लिए राशन ओर भोजन की व्यवस्था की गई। राशन के पैकेट मे आटा, चावल, दाल, तैल, मसाले, साबुन, आलू, प्याज आदि है जो एक परिवार को 2 हफ्ते के लिए पर्याप्त है। संस्था अभी तक 400 परिवारों को राशन दे चुकी है। इसके साथ ही हेल्थ एन हाइजीन किट जिसमें मास्क, साबुन, सैनिटाइजर एवम 12 सेनेटरी नैपकिन रखे गए है, जरूरतमंदों विशेषरूप से महिलाओ को दे रही है। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रमा गोयल ने बताया कि लोकडौन के चलते बच्चो की पर्यावरण एवम कोविड–19 पर ऑनलाइन ड्राइंगएवम स्लोगन कॉम्पिटिशन करवाई। सेकड़ो बच्चो ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आने वाले समय मे हमारी क्या भूमिका रहेगी इस विषय पर एक निबन्ध प्रतियोगिता भी करवाई गई। डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी जो इस तरह के मरीजों के सीधे संपर्क मे आते है, उनको कोविड संक्रमण से बचाने के लिए सरकारी अस्पताल मे फेस शील्ड भी दी जा रही है।